# अब भारत के पीछे चल रही है दुनिया: प्रधान

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मंगलवार को यूपीईएस का दौरा किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने विवि की नई वेबसाइट 'यूपीईएस आन' का उद्घाटन किया। शिक्षा के भविष्य को आकार देने में विवि के अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक 'यूपीईएस आन' के नये लोगों का अनावरण किया।

मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उच्च शिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत यूपीईएस परिसर पहुंचकर विश्वविद्यालय के सतत शिक्षा केंद्र के तहत चलाए जा रहे दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों का जायजा लिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने 'अमृतकाल विमर्श - विकसित भारत 2047' पर संवाद के दौरान भारत के समग्र विकास पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।

प्रधान ने शिक्षा के माध्यम से योग्य लोगों के लिए शिक्षा को सुलभ बनाने में यूपीईएस की पहल और प्रतिबद्धता की सराहना की।




केंद्रीय शिक्षा मंत्री को स्मृति चिह्न प्रदान करते यूपीईएस के चांसलर।

इसके साथ ही भारत के विकास और प्रगति के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और वसुधैव कुटुंबकम में उनके दृढ़ विश्वास को साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया को एक परिवार मानता है और विश्व शांति व विकास के बारे में सोचता है। उन्होंने जी-20 की सफलता, चंद्रयान और सौर मिशन आदित्य एल-1 की सफलता का हवाला देते हुए कहा कि अब दुनिया भारत के पीछे चल रही है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने ईडब्ल्यूएस और खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति देने के लिए भी यूपीईएस को सराहा। उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत ने विशेष शैक्षिक कार्यक्रमों के जरिये हजारों छात्रों के करियर और जीवन को बदलने के लिए यूपीईएस की सराहना की। उन्होंने कहा कि यूपीईएस देश के मेधावी छात्रों के साथ-साथ 17 से अधिक विदेशी छात्रों को भी शिक्षित कर रहा है।

इस दौरान यूपीईएस ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो व खेल प्रतिभाओं के लिए 100 स्कालरशिप प्रदान करने की घोषणा की। इससे पूर्व

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया यूपीईएस का दौरा
- यूपीईस की नई वेबसाइट 'यूपीईएस आन' का किया उद्घाटन
- बुनियादी ढांचे व शिक्षा को सुलभ बनाने की पहल

यूपीईएस के चांसलर डा.सुनील राय ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का यूपीईएस परिसर में स्वागत किया।

कुलपति डा.राम शर्मा ने कहा कि 'यूपीईएस आन' वेबसाइट पाठ्यक्रम आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस इंटीग्रेशन का एकीकरण है,जिसे छात्रों को ज्ञान और कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मौके पर यूपीईएस के रजिस्ट्रार मनीष मदान समेत संबंधित स्कूलों के डीन, संकाय व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।